आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 14.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा की उपस्थिति में देहरादून में प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई।
- उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने एसएससी भर्ती परीक्षा में हाईटैक नकल कराने वाले गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया।
- हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 की तैयारियों के दृष्टिगत आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय अतिथि गृह, मायापुर का निरीक्षण किया।
- पिथौरागढ़ जिले में मानसखंड मंदिर माला मिशन के दूसरे चरण में चार और प्रमुख धार्मिक स्थलों को शामिल किया गया।

## भाजपा कोर कमेटी

राजधानी देहरादून में आज केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा की उपस्थिति में प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा बूथ स्तर तक संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा हुई। साथ ही, सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के लिए ठोस रणनीति पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट और संगठन महामंत्री अजय कुमार सहित कोर कमेटी के सदस्य उपथित रहे।

## दीक्षांत समारोह

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी नड्डा और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून स्थित स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में छात्रों को डिग्री प्रदान करने के साथ ही मेधावी छात्रों को मेडल से पुरस्कृत किया। इस अवसर पर श्री नड्डा ने विभिन्न संकायों में डिग्री प्राप्त करने वाले करीब एक हजार छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दीक्षांत समारोह केवल एक शैक्षणिक पड़ाव नहीं, बल्कि जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के अगले 25 वर्ष विकसित भारत के निर्माण के निर्णायक वर्ष होंगे, जिनमें आज के युवा साक्षी ही नहीं, कर्ताधर्ता भी बनेंगे। श्री नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार प्रदेश को एक आदर्श, विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में निरंतर, समर्पित भाव से कार्य कर रही है।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और संवेदनशीलता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें, ताकि उनके कार्यों में करुणा, मानवता और सेवा की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो।

## परीक्षा नकल

उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स– एसटीएफ ने देहरादून में एसएससी मल्टी टास्किंग भर्ती परीक्षा–2025 में हाईटैक तरीके से नकल कराने वाले गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे ने पत्रकारों को बताया कि उत्तराखंड एसटीएफ और उत्तर प्रदेश एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा देहरादून स्थित परीक्षा केंद्र महादेव डिजिटल जोन में दबिश दी गई। इस दौरान परीक्षा लैब के समीप बने कक्ष में एक गुप्त चैंबर में दो लैपटॉप और राउटर स्वचालित अवस्था में मिले, जिनको रिमोट के माध्यम से उपयोग कर परीक्षा प्रश्नपत्रों को हल कराया जा रहा था। एसटीएफ टीम ने

तकनीकी और फॉरेंसिक उपकरणों की सहायता से पूरे सिस्टम को कब्जे में लेकर सील कर दिया तथा मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभ्यर्थियों से परीक्षा में पास कराने के नाम पर प्रति अभ्यर्थी 10 लाख रुपये तक की मांग किए जाने का खुलासा हुआ है। श्री भरणे ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध उत्तराखंड के नकल विरोधी कानून सहित विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

## आवास सचिव निरीक्षण

हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 की तैयारियों के दृष्टिगत आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने आज अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय अतिथि गृह, मायापुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अतिथि गृह में विभिन्न आवश्यक सुधार कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए अतिथि गृहों की सुविधाओं को बेहतर बनाना प्राथमिकता है, जिससे आने वाले अतिथियों और अधिकारियों को उच्च स्तरीय व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## मंदिर माला मि□ान

पिथौरागढ़ जिले में हाट कालिका मंदिर और पाताल भुवनेश्वर गुफा मंदिर के बाद अब चार और प्रमुख धार्मिक स्थलों को मानसखंड मंदिर माला मिशन के दूसरे चरण में शामिल किया गया है। इनमें कोकिला देवी मंदिर, मोस्टमानू मंदिर, नाग मंदिर बेरीनाग और थल केदार मंदिर शामिल हैं। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन सभी मंदिरों के समग्र विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत मंदिरों के पहुंच मार्गों का सुधार, सौंदर्यीकरण, पेयजल, बिजली व्यवस्था, शौचालय, पार्किंग, विश्राम स्थल और सूचना संकेतक जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

## एसएसपी कार्यभार

देहरादून के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने आज अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने जिले की कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, महिला सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात व्यवस्था में सुधार को अपनी शीर्ष प्राथमिकता बताया।

## भाहीद श्रद्धांजलि

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर आज देहरादून में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वीर शहीदों को नमन करते हुए पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में देश ने अपने 40 वीर जवानों को खोया था, जिसकी पीड़ा आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में जीवित है। उन्होंने कहा कि देश अपने वीर जवानों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलवामा हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। श्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार, शहीदों के सम्मान और उनके परिजनों की सहायता के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है और सरकार उनके साथ हर परिस्थिति में खड़ी है।